तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 17 दिसंबर 2023

सामाजिक कुरीतियों को दूर करने कोलता समाज ने... 12


नेशनल लोक अदालत में 1458 लंबित मामलों का... 13




## आयोजन : सतनामी समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए

# पंथी नृत्य और अखाड़ा प्रदर्शन करते निकाली गई बाबा की संदेश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मनखे-मनखे एक समान के विचार देने वाले गुरु घासीदास बाबा के 267वीं जयंती के पूर्व उनके विचारों को जन जन तक प्रचार प्रसार करने के लिए सतनामी समाज महासमुंद द्वारा जिला मुख्यालय में भव्य संदेश यात्रा निकाली गई। दोपहर को संदेश यात्रा ढीढी नगर स्थित सतनाम भवन से शुरू हुई, जो शंकराचार्य भवन तक चली, जहां पर मंचीय कार्यक्रम में सर्व समाज के जिलाध्यक्षों को समाज द्वारा सम्मानित किया गया। गुरू घासीदास बाबा की संदेश यात्रा का विभिन्न समाज द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया।



सतनामी समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों, अधिकारी कर्मचारी व समाजजनों के सहयोग से गुरु घासीदास बाबा के संदेश यात्रा का आयोजन जिला मुख्यालय में शनिवार को किया गया। सात ध्वजवाहक साधु संतों की अगुवाई में पंथी नृत्य दल, सतनाम अखाड़ा दल के साथ नगर भ्रमण किया गया। यात्रा की शुरुआत बेमचा भाठा स्थित सतनाम भवन से हुआ जो एकता चौक तुमगांव ओव्हरब्रिज से होते हुए शहर में पहुंची। इस दौरान बग्गा चौक में स्वागत हुआ बाद यात्रा स्वामी चौक, नेहरू चौक, कचहरी चौक, बरोंडा चौक होते हुए शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन पहुंच समाप्त हुई। बाद भवन में समाज के द्वारा मंचीय कार्यक्रम हुआ जहां पर सतनाम समाज के द्वारा सर्व समाज प्रमुखों का स्वागत कर सम्मानित किया गया।



### नपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने किया शोभायात्रा का स्वागत

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने नगर पालिका के समक्ष यात्रा का आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बाबा के संदेशों का हम सभी को अनुशरण करना चाहिए और सबको एक साथ मिल जुलकर रहना चाहिए। स्वागत के दौरान पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, पार्षद महेंद्र जैन, मीना वर्मा, हाफिज कुरैशी, भाजपा नेता सतपाल पाली, एमआर विश्वनाथन, सहित बड़ी संख्या पालिका के पार्षद और पूर्व पार्षदगण और अन्य लोग उपस्थित रहे।



### सर्व हिंदू समाज ने किया स्वागत


शहर के बरोंडा चौक में शोभायात्रा का भव्य स्वागत सर्व हिंदू समाज के सदस्यों द्वारा किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से विपिन मोहंती, गुरु बच्चन सिंह, संजय यादव, सुमन सेंद्रे, कान्हा प्रधान, गुड्डू सेन, उत्तम वर्मा, दानेश्वर सिन्हा, कुंजू सिन्हा, अनुपम त्रिपाठी, सतपाल सिंह पाली, विक्रम ठाकुर, अग्रज शर्मा, भरत चंद्राकर, रितेश गोलछा, आनंद साहू, मुन्ना साहू, विष्णु चंद्राकर, अविनाश श्रीवास्तव, सोमेश दावड़ा आदि उपस्थित रहे।

### नल के पानी को लेकर महिला से विवाद

**महासमुंद**। ग्राम बरबसपुर में नल के पानी को लेकर एक महिला से विवाद का मामला सामने आया है। प्रार्थी कुमारी बाई पति स्व. खिलावन बघेल (60 साल) ने पुलिस को बताया कि जोगेंद्र भारती पिता तोरन भारती ने नल के पानी की बात को लेकर उसे गाली गलौज करते हुए जान से मारने धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन
17 दिसम्बर 2023
कूपन नं.
8

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969






**खबर संक्षेप**

## नियमों में किए गए संशोधनों की समीक्षा हो





**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, जिलाध्यक्ष चमन चंद्राकर, महामंत्री हेमेंद्र आचार्य ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई है। साथ ही उम्मीद जताई है कि शिक्षा विभाग में वर्षों से लंबित संवर्गीय पदोन्नति एवं क्रमोन्नति के मामलों का समाधान होगा। उनका कहना है कि अन्य विभागों के तुलना में शिक्षा विभाग का अमला सबसे बड़ा है। लेकिन, विभागीय अधिकारियों में निर्णय लेने की इच्छा शक्ति की कमी एवं प्रभारवाद के कारण शिक्षा विभाग की दुर्दशा है। पदीय वरिष्ठ व्यक्ति, कनिष्ठ के अधीन काम कर रहे हैं, जो कि विभागीय भर्ती पदोन्नति नियम- 2019 का उल्लघंन है। नियमों में किए गए संशोधनों की समीक्षा किया जाना चाहिए। फेडरेशन का कहना है कि शासन के नीति एवं कार्ययोजना का लोकहित में बेहतर क्रियान्वयन के लिए शासन एवं राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों के मध्य सामंजस्य, सौहार्द्र एवं सद्भावना होना आवश्यक है। राज्य के समग्र विकास एवं कर्मचारियों की अपेक्षा के मुद्दों पर परिणाममूलक निर्णय होना चाहिए। फेडरेशन ने विभागीय सुशासन की अपेक्षा राज्य शासन से किया है।

**आयोजन : 25 खंडपीठों का गठन कर किया गया मामलों का निराकरण, राजस्व मामलों की हुई सुनवाई**

# नेशनल लोक अदालत में 1458 लंबित मामलों का निराकरण, 3,97,89,832 रुपए का अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शनिवार 16 दिसंबर को जिला न्यायालय महासमुंद सहित तहसील स्थित पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम, जिला पंचायत एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 25 खंडपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पांडेय के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के अधीन नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खंडपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किए गये थे। उक्त खंडपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की



सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में विभिन्न बैंकों रिकवरी के कुल 3301 प्रकरण, विद्युत संबंधित 3473 प्रकरण, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के सम्पति कर व जलकर के एक तथा श्रम विभाग से संबंधित 240 प्रकरणों एवं राजस्व न्यायालय एवं जिला पंचायत मनरेगा के 36169 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला एवं तहसील स्थित न्यायालयों में लंबित सिविल वाद, दांडिक मामलों, मोटर दुर्घटना दावा, चेक अनादरण के प्रकरण इत्यादि के 1458 मामलों में सुनवाई पश्चात सुलह एवं समझौता के आधार पर निराकरण किया गया और 3,97, 89, 832 रुपए की राशि के आवार्ड पारित किए गए।

विदित हो कि 16 दिसंबर 2023 को पूरे राज्य भर में उच्चतम न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में एक साथ हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके सफल आयोजन के लिए विगत कई माह से अनवरत तैयारी की जा रही थी और पक्षकारों को नियत सुनवाई दिनांक के पूर्व राजीनामा के लिए नोटिस प्रेषित कर प्री-सीटिंग कर राजीनामा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में महासमुंद अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।

### माता-पिता एवं पुत्र के मध्य लंबे समय से चल रहे दांडिक प्रकरण का हुआ निराकरण



नेशनल लोक अदालत में सरायपाली स्थित न्यायालय अंतर्गत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली नमिता मिंज भास्कर के खंडपीठ में एक प्रकरण माता पिता एवं उनके पुत्र के बीच चल रहे विवाद अथवा दांडिक प्रकरण का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। उक्त प्रकरण धारा 294, 323, 506 भादवि संस्थित है, जिसमें माता पिता एवं पुत्र के मध्य आबादी भूमि के पट्टे के संबंध में विवाद होकर मारपीट हो जाने के संबंध में प्रकरण न्यायालय में वर्ष 2020 से लंबित था। जिसे आज नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रार्थिया द्वारा अपने पुत्र जो कि इस प्रकरण में आरोपी है के साथ आपसी राजीनामा कर सुलह समझौता कर लिया गया। लंबे अरसे से चल रहे प्रकरण का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया गया। उक्त समझौते में आरोपी के अधिवक्ता, सुलहकर्ता सदस्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी राकेश मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

### लोक अदालत में समझाइश के बाद दंम्पति हुए एक साथ रहने को तैयार



परिवार न्यायालय महासमुंद अंतर्गत आयोजित नेशनल लोक अदालत के खंडपीठ अधिकारी एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय महासमुंद रामजीवन देवांगन द्वारा विभिन्न प्रकरणों में राजीनामा एवं आपसी सुलह समझौते के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें धारा-09 हिंदू विवाह अधिनियम अंतर्गत व्यवहारवाद प्रकरण दांपत्य अधिकारों की पुर्नस्थापना बाबत में (परिवर्तित नाम) पूर्णिमा और प्रकाश का विवाह सात वर्ष पहले हुआ था। दोनों का दाम्पत्य जीवन अच्छा चल रहा था। किंतु, 2021 में किसी कारणवश दोनों में आपसी मतभेद व तनाव उत्पन्न हो गया। दोनों 2021 से 2023 तक एक-दूसरे से अलग रहने लगे। नेशनल लोक अदालत में उक्त प्रकरण को रखकर खंडपीठ अधिकारी द्वारा दोनों को आपसी समझाइश देकर सहमति से प्रकरण का राजीनामा कर सुलह समझौते कर लिया गया। दोनों साथ रहने के लिए हंसी खुशी से राजी हुए। इसी प्रकार धारा 125 के प्रकरण में एक दंपत्ति का विवाह वर्ष 2018 में हुआ था, लेकिन पारिवारिक सामंजस्य नहीं होने के कारण दोनों अलग-अलग रह रहे थे। जिसे लोक अदालत में न्यायालय द्वारा समझाइश के बाद दोनों हंसी खुशी से दाम्पत्य जीवन व्यतीत करना व्यक्त कर अपने पत्नी को अपने साथ ले जाना स्वीकार किया गया।



### जोबा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

**महासमुंद।** जनपद पंचायत सभापति रमाकांत ध्रुव, जनपद सदस्य विक्रम महिलांग, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजेश साहू, अध्यक्ष ध्रुव ने धान उपार्जन केंद्र जोबा का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां मोटा 4030, पतला 639, सरना 10897 क्विंटल कुल योग 15567 क्विंटल की धान खरीदी की गई है। मिलर को मोटा 28, पतला 360, सरना 5600 कुल योग 8760 जारी की गई है। धान की कुल राशि 33996862.80 है। किसानों को भुगतान राशि 23541243.65 रुपए की गई है। यहां उपार्जन केंद्र में जगह पर्याप्त नहीं होने के कारण धान विक्रय करने में किसानों को परेशानी हो रही है।

# प्रदेश में किसानों को लेकर भाजपा फिर दोहरे चरित्र को दिखा रही : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा कि भाजपा सरकार बने 15 दिन होने आए धान को लेकर शासन का कोई आदेश न आना उनकी किसानों को लेकर बदनीयती दर्शाने के लिए काफी है।

आज दिनांक तक 21 क्विंटल धान खरीदी को लेकर तक संशय बना हुआ है। कुछ महत्वपूर्ण सवाल जो परेशान कर रहे है, इसमें जो किसान धान लगातार बेच रहे है उनके 21 क्विंटल के हिसाब से बचत धान को लेकर समायोजन कैसे होगा? 3100 रुपए प्रति क्विंटल का भुगतान कब से शुरू होगा? एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था भाजपा कैसे और कब से कर रही है? दो साल के बकाया बोनस की सूची कब जारी हो रही है? जो दो साल का भाजपा शासन के समय का बोनस है उसके मृत्यु हो चुकी, बंटवारा हो चुके, खेत बेच चुके किसानों के बोनस क्या होगा? ऐसे कई अनुत्तरित व ज्वलंत सवाल है जिसके चलते किसान अत्यंत



निराश व अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं।

इसका ताजा उदाहरण नारायणपुर जिले के कुकड़ाझोर गांव में एक किसान ने सरकारी कर्ज से परेशान होकर खुदकुशी कर ली। किसान को कर्ज की वसूली के लिए 1 लाख 24 हजार रुपए का नोटिस मिला था। जिसके बाद किसान ने ये कदम उठाया है। किसान की मौत के बाद परिवार पर कर्ज की अदायगी का बोझ बढ़ गया हैं। किसान के बेटे का कहना है कि भाजपा के लोग गांव में चुनाव प्रचार के दौरान दो लाख रुपए का कर्ज माफ करने की बात कहकर गए थे।

अब राज्य में बीजेपी की सरकार बन गई तो कहे अनुसार कर्ज माफी होनी चाहिए। अंकित ने मांग की है कि किसान परिवार को 25 लाख रुपए मुआवजा राशि व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व पूर्ण रूप से उसका कर्ज माफ करे सरकार नहीं तो ये सिर्फ शुरुआत है और जिस प्रकार पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने सिर्फ किसानों को छला है उसी दिशा में ये सरकार भी जाते हुए दिख रही है।

**बिजनेस साईट**

## नि:शुल्क शिविर में मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोहम हॉस्पिटल लभराखुर्द में 3

- **सोहम हास्पिटल का लगातार 97वां नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर**

दिसंबर रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमें निःशुल्क 40 से अधिक मरीजों का डॉ सोमी चंद्राकर द्वारा निःशुल्क सोनोग्राफी एवं महिलाओं की जांच की गई। 60 से अधिक मरीजों का डॉ युगल चंद्राकर, उत्कर्ष वर्मा एवं सोहम की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें अन्य अन्य रोगों के मरीज जैसे जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी समस्याओं, पथरी, पेट में जलन गैस, चमड़ी के रोग, साइटिका, सर्वाइकल, दाद खाज खुजली इत्यादि बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजों को दिया गया।

महासमुंद जिले के हर तहसील जैसे बागबाहरा, तुमगांव, पिथौरा एवं आसपास के कई गांव के लोग इस शिविर से लाभान्वित हुए। अन्य गांवों से मरीजों ने आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया । सोहम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में यह निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर रखा गया।

# पुरुषोत्तमपुर में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद स्पर्धा विजयी प्रतिभागियों को विधायक चातुरी ने किया पुरस्कृत

**बसना।** बसना विकासखंड के ग्राम पंचायत पुरषोत्तमपुर में संकुल केंद्र जमदरहा द्वारा आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद शामिल हुई।

विधायक चातुरी नंद ने कहा कि खेलकूद से व्यक्ति के जीवन में अनुशासन आता है और उनका संपूर्ण विकास होता है। सरायपाली क्षेत्र के बच्चों को खेलकूद के लिए हर साधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने हम विशेष प्रयास करेंगे। ताकि, प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच मिले और वे क्षेत्र का नाम रौशन करें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पुरुषोत्तमपुर के सरपंच भजमोती पदुमलाल पटेल, सोनसाय बरिहा जनपद सदस्य, प्रीतम सिंह दीवान जनपद सदस्य, देवकुमार सिदार



सरपंच लोहड़ीपुर, सत्यानंद बरिहा सरपंच बनडबरी, डीजेंद्र कुर्रे समन्वयक जमदरहा, उत्तर कुमार चौधरी, रूपलता कुर्रे, गंगाधर प्रसाद द्विवेदी प्रधान पाठक, बुद्धेश्वर साहू, विजय चतुर्वेदी, शंकर सिदार मौजूद रहे। संकुल केंद्र प्रभारी दिजेंद्र कुर्रे, प्रधान पाठक रुपलता कुर्रे, संतलाल चौहान, शिमला चौहान समेत अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

प्रतियोगिता में विजयी टीम कबड्डी में बालक वर्ग से मिडिल स्कूल पुरषोत्तमुर प्रथम और द्वितीय मिडिल स्कूल जमदरहा, बालिका वर्ग में प्रथम मिडिल सकूल पुरषोत्तमपुर, द्वितीय मिडिल स्कूल जमदरहा, खो खो में प्रथम बालक वर्ग से मिडिल स्कूल जमदरहा, द्वितीय मिडिल स्कूल लोहड़ीपुर, बालिका वर्ग से प्रथम मिडिल स्कूल जमदरहा और द्वितीय पुरषोत्तमपुर रहे।

**नवनिर्वाचित विधायक का हुआ स्वागत**

विधायक निर्वाचित होने के पश्चात प्रथम आगमन पर विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद का ग्राम पुरुषोत्तमपुर में ग्रामवासियों और शाला परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने स्वागत किया। विधायक नंद का बाजे गाजे के साथ रैली निकाली गई और गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

### जयंती कार्यक्रम कल

**महासमुंद।** सफूरामाता सतनाम समिति द्वारा 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती पर वार्ड 11 नयापारा रविदास गार्डन के पीछे समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में धरती के हीरा बालिका पंथी पार्टी ग्राम गुरवेरा आरंग की प्रस्तुति दोपहर 1 बजे से होगी। वहीं रात 10 से सुबह 6 बजे तक मोर गांव के चंडी दाई नाचा पार्टी बांदुमुड़ा हरनादादर (तेंदूकोना) की प्रस्तुति होगी। वहीं शाम चार बजे पालो चढ़ाई कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# कबाड़ से जुगाड़ जिला स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता में सरायपाली का रहा दबदबा

**सरायपाली।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन सेजेस आदर्श हिंदी माध्यम महासमुंद के सभागार में किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी, बीआरसीसी सतीशस्वरूप पटेल के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक नोडल दुर्वादल दीप के नेतृत्व में विकासखंड के नवाचारी, लगनशील शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में जिला के पांचों विकासखंड के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कबाड़ के सामग्रियों से निर्मित रोचक, आकर्षक, विषय संबद्ध, शिक्षाप्रद सहायक शिक्षण अधिगम सामग्रियों का प्रदर्शन बखूबी किया। अनुपयोगी सामग्रियों एवं न्यूनतम लागत का उपयोग कर टीएलएम निर्माण कर बच्चों में आविष्कारक व वैज्ञानिक बनने के लिए प्रेरित करने उनका राह प्रशस्त किया है। साथ ही कक्षा शिक्षण को सुगमता और सरलता से बच्चों में समझ विकसित करना मुख्य उद्देश्य रहा है। यह प्रतियोगिता अपने नाम से ही परिलक्षित होता है, यह प्रतियोगिता को दो स्तर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक में गणित व विज्ञान विषय से संबंधित की थीम पर आधारित रहा, जिसमें एक से बढ़कर एक टीएलएम का प्रदर्शन शिक्षक/शिक्षिकाओं ने किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एमजीएम सतीश नायर, डीएमसी (समग्र शिक्षा) कमल नारायण चंद्राकर, प्राचार्य सेजेस (हिंदी माध्यम) हेमेंद्र आचार्य, एपीसी विद्या साहू, राजकुमार साहू, कार्यक्रम प्रभारी एवं एपीसी संपा बोस, ज़िला संयोजक जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद जगदीश सिन्हा, निर्णायक मंडल/विज्ञान परिषद के सदस्य- डॉ संध्या चंद्राकर, विवेक वर्मा, राजेश्वर चंद्राकर, खेमराज साहू की गौरवमयी उपस्थिति में प्रतियोगिता हुई। विकासखंड सरायपाली के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाते हुए बारह पुरस्कारों में से सर्वाधिक छह पुरस्कार अपने नाम कर नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में वर्षा नंद प्राशा बानीगिरोला को गणित में प्रथम, घनश्याम चौधरी प्राशा गोहिरापाली को गणित में द्वितीय, योगेश साहू प्राशा कसडोल को विज्ञान में द्वितीय तथा यशवंत कुमार चौधरी सेजेस सरायपाली को गणित में द्वितीय, कनकलता राजहंस को गणित में तृतीय प्राप्त हुआ तथा प्रधान पाठक शीला विश्वास, शाप्राशा मुंधा, डिरीप पटेल, शाउप्राशा बालक तोरेसिंहा ,सुषमा नायक, शाउप्राशा कनकेवा,नवीन मिश्रा, शाउप्राशा पड़कीपाली, मोहन खंडेल, शासकीय प्राथमिक शाला कनकेवा, निरंजन मेहेर, शाप्राशा केसराटाल ने भी सराहनीय प्रस्तुति दी।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### पेट, लिवर व पित्त रोग की जांच आज

**महासमुंद।** स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 17 दिसंबर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी। इसमें डॉ सन्नी उत्तमानी (एमडी मेडिसिन, डीएम हेपेटोलाजिस्ट, गेस्ट्रोलाजिस्ट, इंटर वेंटीओनल इंडोस्कोपिस्ट) उपलब्ध रहेंगे। पीलिया, पेट में पानी भरना, खाना निगलने में परेशानी होना, पेट में गांठ होना, हेपेटाइटिस, भूख ना लगना, वजन कम होना, छोटे बच्चे में वजन न बढ़ना एवं सहीं विकास न होना, उल्टी में खून आना, कब्ज, बार-बार उल्टियां होना समेत विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी।

### भोथलडीही में सर्व गांडा समाज की बैठक आज

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ सर्व गांड़ा समाज की मासिक बैठक सरायपाली के भोथलडीही के सामुदायिक भवन में प्रातः 10 बजे आहूत की गई है। बैठक में सामाजिक संगठन प्रगति विकास भावी योजना की समीक्षा करते हुए कार्य योजना तैयार की जाएगी। सभी परिक्षेत्र अध्यक्षों को बैठक में उपस्थित होने कहा गया है। मार्गदर्शन स्वरूप जिला अध्यक्ष मुखर्जी एवं प्रांत अध्यक्ष केएल नंद को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी विकासखंड समाज प्रमुख दयानंद तांडी ने दी है।

### सामान्य शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**महासमुंद।** साईटसेवर्स इंडिया द्वारा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत सामान्य शिक्षकों का समावेशी शिक्षण विधियों व आईसीटी पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रारंभ हुआ। जिसमें बागबहरा और महासमुंद ब्लाक से 30 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण की शुरुवात सभी प्रतिभागियों का स्वागत से किया गया। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर संदीप उपाध्याय अष्टावक्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ रिहेबिलीटेशन साइंसेस एंड रिसर्च दिल्ली से थे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दृष्टिबाधित और अल्प दृष्टिबाधित बच्चों को कैसे सामान्य कक्षा में पढाए व उनके आवश्यकता को कैसे जाने, पहले दिन सभी प्रतिभागियों का प्री टेस्ट लिया गया। उसके बाद दृष्टिबाधित और अल्प दृष्टिबाधित बच्चों की पहचान कैसे करें। इस प्रशिक्षण साईटसेवर्स से जिला परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार निषाद और जिला समावेशी शिक्षा सुविधाकर्ता नीरज सिंह उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण राज्य तकनीकी सलाहकार करन सिंह सिसोदिया एंव सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर उर्मिमाला सेन गुप्ता एंव प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रांजल प्रकाश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुआ।

## मनमानी : कोठारी वन परिक्षेत्र में चार मार्गों पर हो रहा मुरमीकरण कार्य

# मुरमीकरण कार्य के नाम पर जंगल में बना रहे खाई, जीव-जंतुओं के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

समीप के वन परिक्षेत्र कोठारी के तहत मार्गों में मुरमीकरण का कार्य जंगल में ही गड्ढा कर जेसीबी मशीनों से खुदाई कर किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मुरमीकरण कार्य में वन विभाग जिस तरह जंगल में खुदाई की गई है उससे आम ग्रामीणों के साथ वन्य प्राणी भी खतरे में पड़ जाएंगे। इस संबंध में कोठारी परिक्षेत्र अधिकार जीवन साहू ने बताया कि ग्रामीणों का आरोप गलत है। कुछ सड़कों के लिए मुरुम खुड़मुड़ी तालाब एवं कोठारी के किसानों के खेतों से खुदाई की जा रही है।

ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बारनवापारा से अलग हुए कोठारी वन परिक्षेत्र में पर्यटकों के पर्यटन पॉइंट नुंछा बेरियर से फुरफुंद मार्ग, फुरफुंदी मार्ग से बिलसपुरिहा पेट्रोलिंग कैंप, बिलसपुरिहा कैंप से कोठारी बेरियर एवं कोठारी से देवहिल्स मार्ग में कोठारी वन परिक्षेत्र द्वारा मुरमीकरण का कार्य करवाया जाना था। परन्तु, उक्त कार्य एक ठेकेदार से कराया जा रहा है। ठेकेदार के लोग बकायदा कोठारी वन कार्यालय में ही डेरा डालकर गड़बड़ी को अंजाम दे रहे हैं। उक्त संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि कोठारी वन परिक्षेत्र में मुरमीकरण चार मार्गों पर हो रहा है। सभी मार्गों पर मुरमीकरण के लिए मुरुम खनन जंगल में बकायदा माउंटेन जेसीबी लगाकर की जा रही है। जिससे जंगल के भीतर अनेक खाईनुमा गड्ढे बन रहे हैं, जिससे वन्य प्राणियों की अकाल मौतों की संभावना बढ़ जाएगी।




सड़कों पर पर्यटकों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए शासन द्वारा वन मार्गों में मुरमीकरण स्वीकृत किए गए है। परंतु, वन्य प्राणियों से भरे वन परिक्षेत्र कोठारी में अफसर शासन की मंशा पर पूरी तरह पानी फेरते दिख रहे है। लिहाजा जिन सड़कों पर मुरमीकरण कर सड़क को छोटी वाहनों के लिए आवागमन के लिए दुरुस्त किया जाना था, उन्ही सड़कों पर विभाग द्वारा भारी गड़बड़ी करते हुए जंगल के भीतर नुंछा पेट्रोलिंग कैंप के समीप कक्ष क्र 176 के समीप माउंटेन जेसीबी लगाकर मुरुम खुदाई करवाई जा रही है। मुरुम निकालने के लिए भी जंगल के भीतर प्रतिबंधित हाइवा ट्रक से मुरुम निकलवाई जा रही है। बहरहाल, वन विभाग के रॉयल्टी बचाकर अधिक से अधिक धन कमाने की मंशा से जंगल में बन रही खाई वन्य प्राणियों के लिए प्राणघातक सिध्द हो सकती है। कोठारी वन परिक्षेत्र के नुंछा पेट्रोलिंग कैंप के समीप कक्ष क्र 176 से मुरुम निकलने के लिए हाइवा एवं जेसीबी मशीन को पहुचने के लिए दर्जनों छोटे बड़े पेड़ों की बलि दी गई है। जिससे अब कोठारी जंगल के उक्त क्षेत्र मुरुम खदान में तब्दील हो रहे है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच कर दोषी अधिकारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इधर, कोठारी वन परिक्षेत्र अधिकारी जीवन साहू ने इस प्रतिनिधि को मोबाइल पर बताया कि मुरुम एक तालाब के पास से खोदकर उपयोग की जा रही है। इसके अलावा खुदमुड़ी तालाब के पास एक किसान के खेत से अनुमति लेकर लाई जा रही है।

# भाजपा की सरकार बनते ही किसान आत्महत्या शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही

- रीब किसानों नहीं, बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ करने वाली है भाजपा सरकार

किसानों के मौत का सिलसिला शुरू हो गया है। नारायणपुर जिले के कुकड़ाझोर गांव में कर्ज वसूली की नोटिस से परेशान किसान की आत्महत्या ने यह साबित कर दिया है कि गरीब किसानों की परेशानी, विवशता से भाजपा को कोई सरोकार नहीं है, भारतीय जनता पार्टी गरीब किसानों की नहीं बल्कि बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ करने वाली सरकार है।



किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने पर पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पिछले 5 साल तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में किसानों को कर्जमाफी, न्याय योजना के तहत 2500 रुपए में धान खरीदी का लाभ मिला। भूपेश कार्यकाल में छत्तीसगढ़ के किसान खुशहाल व संपन्न हुए। लेकिन, प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही किसानों की परेशानी शुरू हो गई। किसान आत्महत्या करने लग गए हैं। भाजपा की सरकार बने पखवाड़ा बीत गया लेकिन, 21 क्विंटल धान खरीदी व 3100 रुपए एकमुश्त समर्थन मूल्य देने का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ। यदि भाजपा द्वारा सरकार बनते ही 21 क्विंटल धान खरीदी व 3100 समर्थन किसानों को प्रदान किया गया होता तो आज कुकड़ाझोर का गरीब किसान आत्महत्या नहीं करता।



### बिजली तार की चपेट में आने से हार्वेस्टर में लगी आग

**बसना।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम परसकोल से हार्वेस्टर में आग लगने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 दिसम्बर को गांव की गली में जाते समय हार्वेस्टर बिजली तार की संपर्क में आ गया, जिससे हार्वेस्टर में आग लग गई। हादसे में चालक घायल हो गया। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना डायल 112 में दी। जिसके बाद डायल 112 और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू किया गया। अगर समय पर आग पर काबू नहीं किया गया होता तो घरों में भी आग लग सकती थी।

## विभाग ने जारी किया नोटिस, हड़ताल से डाक सेवकों को वापस लौटने कहा

**सरायपाली।** ग्रामीण डाक सेवकों के हड़ताल को लेकर अब विभाग सख्त हो गया है। उच्चाधिकारियों द्वारा डाक सेवकों को नोटिस जारी कर हड़ताल से वापस लौटने अथवा सेवा से बर्खास्त किए जाने की बात कही जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए सरायपाली उपसंभाग के अध्यक्ष दिनेश कुमार दास ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर आज उपसंभागीय निरीक्षक दीपचंद पुरी द्वारा हड़ताल करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को उपडाकघर परिसर से बाहर निकल जाने और हड़ताल का पंडाल हटाने का आदेश जारी कर दिया गया। इसके बाद से कर्मचारी, उप डाकघर सरायपाली के बाहर बैठ कर प्रदर्शन कर रहे हैं। दास ने बताया कि अधिकारियों ने सबको पहले तो हड़ताल वापस लेने के लिए समझाने का प्रयास किया, फिर वापस न लेने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। साथ ही 3 वर्ष से कम सर्विस वालों को बर्खास्त करने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीण डाक सेवक हर दिए गए टारगेट को पूर्ण करने के लिए अपना 100 प्रतिशत योगदान देने का प्रयास करते हैं, जिसका परिणाम यह रहता है कि छत्तीसगढ़ राज्य इन विभागीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में देश में सदैव अग्रणी रहता है। इसके बावजूद उनके कार्य व समर्पण भाव को अपमानित किया गया।

## भाजपा ने किया किसानों का कर्जा माफ करने का झूठा वादा: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि किसानों से वोट के लालच में कांग्रेस ने नहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 2 लाख रुपए तक का किसानों का कर्जा माफ करने का झूठा वादा किया। अब चुनाव जीतते ही और सरकार बनने के बाद अपने वादे से मुकर कर छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ धोखा कर रहे। अपने बचाव के लिए किसानों की बेहतर स्थिति का हवाला देने वाले विजय शर्मा को याद रखना चाहिए कि पिछली कांग्रेस सरकार ने पिछले चुनाव में जीत हासिल करने के तुरंत बाद किसानों की कर्जमाफी के वादे को निभाया था और सरकार बनने पर कांग्रेस अभी भी इस वादे को निभाती। यह भी कहा कि अगर आज छत्तीसगढ़ का किसान आर्थिक रूप से सक्षम हुआ है और जो प्रदेश के किसानों की स्थिति बेहतर हुई है तो यह किसानों की मेहनत और कांग्रेस सरकार की योजनाओं का ही असर है।



उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अगर किसानों के सच्चे हितैषी है तो हर कर्ज़ लिए हुए प्रदेश के किसानों का अपने वादे के अनुसार 2 लाख रुपए तक का कर्ज़माफी कर दिखाएं। कांग्रेस ने नहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वोट के लालच में किसानों से झूठा वादा किया। आगे डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में धान खरीदी चल रही है। बीजेपी ने वायदा किया था प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपए के भाव में धान की खरीदी करेंगे, लेकिन कैबिनेट ने इसको लेकर कोई फैसला नहीं लिया है। बीजेपी सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक से ही वादाखिलाफी की जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है। चुनाव से पहले सरकार बनते ही मोदी की गारंटी लागू करने का वादा किया था, अब कह रहे पांच साल में गारंटी लागू करेंगे। कोई सरकार 24 घंटे में ही अपने वादे से मुकर जाएगी, इसका बड़ा उदाहरण भाजपा सरकार ने पेश किया है। दिसंबर महीने से महिलाओं को प्रति महीने 1 हजार रुपए महतारी वंदन योजना के तहत दिया जाए महतारी वंदन को बिना किसी शर्त के सभी महिलाओं को दे, लेकिन दुर्भाग्यजनक बात ये है कि पहली कैबिनेट में इसपर कोई फैसला नहीं लिया गया है। महिलाओं को ठगने का काम भाजपा सरकार ने शुरू कर दिया है।

## गढ़फुलझर के लोगों ने किया विधायक का स्वागत

### स्वागत में निकाली गई कलश यात्रा, दीप भी जलाए, पुष्पगुच्छ किया भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक डॉ संपत अग्रवाल नगर आगमन पश्चात स्वागत के सिलसिला के दौरान बसना से लगभग 9 किलोमीटर दूर गढ़फुलझर रामचंडी मंदिर प्रांगण में कोलता समाज की पहली बैठक में शामिल हुए।

विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने मंदिर प्रांगण में बैठे गढ़फुलझर के महिलाओं व बुजुर्गों को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। बाद पूरा काफिला ग्राम फुलझर में विधायक अग्रवाल के आगमन पर प्रत्येक घरों के बाहर



ज्योति कलश प्रज्वलित कर पुष्पगुच्छ हाथ में लिए सभी ग्रामीणों ने विधायक अग्रवाल का आत्मीय स्वागत किया। बाद गढ़फुलझर स्थित गुरुद्वारा नानकसर साहिब के दरबार में विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने सर पर कपड़ा बांधकर दर्शन किया व मत्था टेका। ग्रामीणों के समक्ष विधायक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधी रात को भी मैं आपके साथ खड़ा हूं। मैं आपका सेवक हूं सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। विधायक अग्रवाल ने आगे कहा कि, यह मौका मुझे आप लोगों ने आशीर्वाद स्वरुप प्रदान किया है इसका मैं जीवन भर आप लोगों का आभारी रहूंगा। साथ ही जो मैंने घोषणा किया है और सरकार की घोषणा दोनों को जल्द से जल्द पूर्ण करूंगा, यह मेरा संकल्प है।

## महतारी एंबुलेंस सेवा में कार्यरत पुराने कर्मचारियों को यथावत रखने की मांग

**सरायपाली।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा अचानक टेंडर शर्तों में बदलाव कर 102 महतारी एम्बुलेंस संचालन की जिम्मेदारी एक नई ठेका कंपनी को दे दिया गया है। इसके बाद से उक्त सेवा का समुचित लाभ छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को नहीं मिल पा रहा है।

छग संजीवनी 108, 102 कर्मचारी कल्याण संघ सरायपाली के अध्यक्ष विकास साहू एवं महामंत्री धर्मेंद्र आचार्य ने बताया कि उक्त ठेका कंपनी द्वारा 102 महतारी एंबुलेंस सेवा का संचालन करने के बाद से जमीनी स्तर पर इस सेवा का लाभ छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों और नवजात शिशुओं को नहीं मिल पा रहा है। एंबुलेंस का सही लाभ नहीं मिलने से कई नवजात एवं गर्भवती माताओं-बहनों की जान चली गई। उन्होंने बताया कि 102 महतारी एंबुलेंस सेवा में मात्र एक चालक कर्मचारी द्वारा संचालन से छत्तीसगढ़ की गर्भवती माताओं-बहनों एवं नवजात शिशु के जान को जोखिम में डालने के साथ-साथ 1500 कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार किया गया है। इसके खिलाफ पूर्व कर्मचारियों द्वारा नई ठेका कंपनी का टेंडर निरस्त कर 10 वर्षों से कार्यरत पुराने कर्मचारियों को यथावत कार्य पर रखने के लिए विगत 20 सितंबर से 12 अक्टूबर तक अनिश्चितकाल आंदोलन किया गया था। अब पुनः कर्मचारी वर्तमान नई सरकार से अपेक्षा करते हैं कि 102 महतारी एंबुलेंस सेवा के टेंडर को निरस्त कर सभी पुराने कर्मचारियों की बहाली हो एवं टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार करने वाले प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शामिल सभी व्यक्तियों के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही कर्मचारियों की बहाली न होने पर उनके द्वारा पुनः आंदोलन करने की बात कही गई है।



### सड़क पर घायल दंपत्ति को देख विधायक ने रोका काफिला, अस्पताल पहुंचा कर दिया मानवता का परिचय

**बसना।** बसना के नवनिर्वाचित विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरा के दौरान मानवता का परिचय दिया और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अपनी गाड़ी रुकवा कर तुरंत ही अस्पताल भिजवाया। उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ. अग्रवाल ने अपनी विधानसभा में जीत के पश्चात जनता की आभार रैली का आयोजन किया था। इस दौरान पिथौरा-बसना हाईवे से गुजरते हुए विधायक अग्रवाल ने देखा कि एक्टिवा सवार एक दंपत्ति अपने दोनों बच्चों के साथ घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े हुए हैं। उन्होंने तत्काल अपनी फॉलो कार में घायलों को अस्पताल भिजवाया। पिथौरा थानेदार और हॉस्पिटल में बात कर घायलों के तुरंत और उचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उसके बाद ही वे मौके से रवाना हुए।

## अनंत अभाविप के प्रदेश सहमंत्री, जीतू बने जिला संयोजक

### दिल्ली में हुई घोषणा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रहे मुख्य अतिथि

**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के 75 वर्ष पूर्ण होने पर एबीवीपी के 10 हजार कार्यकर्ताओं का अमृत महोत्सव वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में हुआ। जिसमें गरियाबंद के छात्र नेता अनंत सोनी को छग एबीवीपी के प्रदेश सहमंत्री के दायित्व मिली और महासमुंद जिला से जीतू साहू को पुनः जिला संयोजक बनाया गया। अनिकेत, ललित और आदित्य सतपति को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अधिवेशन में गृहमंत्री अमित शाह, पत्रकार रजत शर्मा शामिल हुए रहे। उद्घाटन समारोह में अमित शाह ने कहा कि एबीवीपी ने राष्ट्र सेवा व आत्म गौरव के 75 वर्ष पूरे करते हुए कश्मीर से कन्या कुमारी तक देश को अपने संघर्ष से सींचा है और युवाओं में राष्ट्रप्रथम की विचारधारा के बीज बोए हैं। कश्मीर हो या गुवाहाटी, अपना देश अपनी माटी ये नारा लगा कर हम एबीवीपी के कार्यकर्ता बड़े हुए। और आज कश्मीर भी हमारा है और नार्थईस्ट भी। पत्रकार रजत शर्मा ने अधिवेशन में कहा कि आज से 50 साल पहले 16 साल का एक लड़का जिसके पास खाने के लिए खाना नहीं था, पहनने के लिए कपड़े नहीं थे, जिसकी कोई पहचान नहीं थी, उसको पहचान विद्यार्थी परिषद ने दी, वह लड़का मैं था। हमारे देश ने जो हासिल किया है, उसमें हजारों कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है। छात्र नेताओं के ऊपर 2021 में कांग्रेस सरकार में हिंदी मीडियम विद्यालय को बंद कर स्वामी आत्मानंद विद्यालय के खिलाफ आंदोलन में प्रकरण भी दर्ज हुए। अनंत सोनी वर्ष 2018 में जिला सहसंयोजक, 2019 में जिला संयोजक, 2021 से विभाग संयोजक है। हाल ही में एबीवीपी के अधिवेशन में प्रदेश सहमंत्री की घोषणा हुई है। जिसमें प्रदेश भर में एबीवीपी के प्रदेश सहमंत्री में अनंत को भी चुना गया और जीतू साहू को लगातार तीसरी बार महासमुंद जिला का जिला संयोजक बनाया गया।







### हर महीने के अंतिम गुरुवार को बंद रहेंगे आटो पार्ट्स व बाइक शो रूम

**सरायपाली।** अंचल के सभी आटो पार्ट्स दुकान और सभी मोटरसाइकिल शोरूम संचालकों की एक आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा प्रत्येक माह के अंतिम गुरुवार को सभी आटो पार्ट्स दुकान एवं मोटरसाइकिल शोरूम को बंद रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुखराज आटो, भवानी आटो, अग्रवाल आटो, शिवम आटो पार्ट्स, गणपति आटो पार्ट्स, शिवानी आटो पार्ट्स, श्याम आटो पार्ट्स, रमजान आटो, लक्ष्मी आटो, केशव आटो पार्ट्स, शारदा आटो, मां शारदा आटो, बजरंग आटो पार्ट्स कुटेला एवं ताज आटो पार्ट्स के संचालक उपस्थित रहे।

# बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए सुनाए ध्रुव और प्रह्लाद की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय महावीर कालोनी में चल रहे श्रीमद् भागवत में कथा व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने कथा के दौरान ध्रुव, प्रह्लाद व भरत चारित्र के प्रसंग की कथा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद और ध्रुव ईश्वर के प्रति अटल विश्वास, भक्ति और सत्य की प्रतिमूर्ति हैं। दोनों ने माया-मोह छोड़कर भगवान विष्णु को अपना आराध्य माना। उनकी भक्ति में इतनी शक्ति थी कि उनकी रक्षा के लिए स्वयं श्रीहरि विष्णु ने मृत्युलोक में कदम रखा था। वह हरि के सच्चे



भक्त हैं। प्रभु की भक्ति करनी है तो इन दोनों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रह्लाद और ध्रुव ने प्रभु पर अटूट विश्वास करते हुए भक्ति का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। दोनों ही कठोरतम दंडों और यातनाओं से भी नहीं डरे और ईश्वर की आराधना करते रहे। ठीक उसी प्रकार हमें भी जीवन के संकटों से



नहीं डरना चाहिए और भगवान पर विश्वास कर उनकी आराधना में लीन होना चाहिए। भगवान भक्तों की सच्ची पुकार सुनकर निश्चित ही उन पर कृपा बरसाते हैं। वर्तमान में बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए उन्हें भक्त ध्रुव व प्रह्लाद की कथा अवश्य सुनानी चाहिए। इससे उनमें अच्छे भाव व संस्कार जन्म लेते हैं।

शास्त्री ने कहा कि भरत का अर्थ जीवन में त्याग है, जिस राज के लिए केकैई ने दुनिया का अपयश अपने सिर पर लिया। वो राज भरत ने मन की भांति त्याग दिया। अपने हक का त्याग करना ही रामायण है और दूसरे का हक छीनना ही महाभारत है। भरत, श्रीराम को लाने के लिए गुरु वशिष्ठ सहित समस्त प्रजा माता कौशल्या, सुमित्रा सहित वन में जाते हैं, लेकिन श्रीराम ने मर्यादा का आभास कराकर चरण पादुका को देकर अयोध्या में वापस भेजा। उन्होंने कहा कि इस संसार में प्राणी दो रस्सियों मंम बंधा है, ये अहमता व ममता है। अहमता शरीर को मैं मान लेती है।